| सूर्य | रवि, दिनकर, दिनेश, प्रभाकर |

## <u>अनेकार्थक शब्द</u>

| शब्द | विभिन्न अर्थ |
|---|---|
| अज | ब्रह्म, बकरा, अजप्नमा |
| अजा | बकरी, माया |
| अरूण | सूर्य का सारथी, सूर्य का लाल रंग, आचार्य अरुण |
| अंबर | वस्त्र, आकाश |
| अंक | गोद, गिनती, चिह्न, नाटक का एक भाग (एक्ट) |
| अर्थ | धन, तात्पर्य, कारण |
| अलि | सखि, वृश्चिक, भ्रमर |
| अधर | आकाश, ओष्ठ |
| अक्षर | जिसका क्षर (नाश) न हो, अमर, वर्ण ब्रहा, सत्य |
| अमृत | सुधा, जल, अन्न |
| कर | हाथ, टैक्स, सूर्य |
| कुल | वंश, सब, परिवार |
| काल | समय, मृत्यु, यमराज |
| कनक | सोना, धतूरा |
| काम | कार्य, कामना, कामदेव |
| खग | तारा,वाण,पक्षी, गंधर्व |
| गो | गाय, बज्र, नेत्र |
| गति | चाल, दशा |
| चक्र | घेरा, चकवा, पहिया |

Kannur University UG Hindi Syllabus 2014

| | |
|---|---|
| चीर | चीड़, वृक्ष, वस्त्र |
| जलधर- | समुद्र, बादल, सरोवर |
| जाल | माया, समूह, जादू |
| ज्येष्ठ | बड़ा, श्रेष्ठ, जेठ का महीना |
| दल | सेना, पक्ष, पत्ता |
| नाग | नगीना, संख्या |
| नाग | केशर, हाथी |

## मुहावरे

| मुहावरा | अर्थ | प्रयोग |
|---|---|---|
| अन्धे की लकडी | एकमात्र सहारा | उनका इकलौता पुत्र उनके लिए अंधे की लकड़ी के समान है । |
| अपना उल्लू सीधा करना | केवल स्वार्थ सिद्ध करना | आजकल अधिकतर नेता अपना उल्लू सीधा करने के लिए समाज - सेवा का दिखावा करते है। |
| आँखें खुलना | वास्तविकता का पता चलने पर सँभल जाना | अब तो मौज उड़ा लों जब कम अंक मिलने पर कहीं भी दाखिला नहीं होगा तब आँखें खूलोंगी। |
| आँखों में धूल झोंकना | किसी को बहकाने (धोख देने) में सफल हो जाना। | वह सबकी आँखों में धूल झोंककर वहाँ से निकल भागा। |
| आकाश - पाताल एक करना | बहुत प्रयत्न करना। | चुनाव जीतने के लिए उसने आकाश - पाताल एक कर दिया। |
| आटे -दाल का भाव मालूम होना | कठोर वास्तविकता का अनुभव होना। | अब तो पिता की कमाई पर गुलछर्रे उड़ा रहे हो, जब स्वयं कमाना पड़ेगा तो आटे - दाल का भाव मालूम होगा। |
| ईद का चाँद होना | बहुत दिनों के बाद मिलना। | पहले तो आप सदा हमारे घर आते रहते थे, अब तो लगता है ईद का चाँद हो गये हो। |
| उंगली पर नचाना | अपनी इच्छा के अनुसार काम करना। | देश के बड़े. बड़े अधिकारियों को रातनंतिक नेता उंगली पर नचाते है। |
| कान काटना | चालाक होना। | उससे बचकर रहना, वह तो बड़े - बड़ों के कान काटता है। |
| कान भरना | झूठी शिकायत करना। | लगता है, किसी ने मेरे चिरूद्ध आपके कान भर दिए है, इसीलिए आप नाराज है। |
| कोल्हू का वैल होना | लगातार बहुत परिश्रम करना। | वह वेचार कोल्हू का बैल बना रहता है किन्तु फिर भी उसका निर्वाह नहीं होता। |

Kannur University UG Hindi Syllabus 2014

| | | |
|---|---|---|
| गागर में सासगर भरना | कम शब्दों में वहुत बड़ी बात कह देना। | सफल साहित्यकार वहीं जो गागर में सागर भर दे। |
| घोड़े बेचकर सोना | निश्चिन्त हो जाना। | मैं सारा प्रबन्ध कर लूंगा, आप घोड़े बेचकर सोइए। |
| चादर से बाहर पैर पसारना | आय से अधिक व्यय करना। | उतना मँहग फर्नीचर तो खरीद लिया, अब खाएँगे क्या! चादर से बाहर पैर पसारनस ठीक नहीं। |
| टांग अड़ाना | अनावश्यक रूप से हस्तक्षेप करना। | जब वे दोनों सारा काम देख रहे हैं तो हमें टाँग नहीं अड़ानी चाहिए। |
| तारे गिनना | जागते रहना (नींद न आना ) | जग से उसकी नौकरी छूट गई है तब से वह रात भर तारे गिनता रहता है। |
| तिल का ताड़ बनाना | साधारण - सी बात को वढ़ा - चढ़ाकर कहना | उसे तो तिल का ताड़ बनाने की आदत है, चिन्ता की कोई बात नहीं। |
| दाँत खट्टे करना | बुरी तरह हरा देना | भारतीय सैनिकों ने युद्ध में शत्रुओं के दाँत खटटे कर दिए। |
| दाँतों क्षले उँगली दबाना | आश्चर्य प्रकट करना | जादूगर का कमाल देखकर सबने दाँतों तले उँगली दबा ली। |
| नौ-दो ग्यारह होना | एकदम भाग जाना | पुलिस को देखते ही लुटेरे नौ-दो ग्यारह हो गए। |
| बाएँ हाथ का खेल | बहुत सरल कार्य | आप चिन्ता न करें, उसे समझाना तो बाएँ हाथ का खेल है। |
| लकीर का फकीर होना | किसी बात पर अन्धविश्वास करना | अब विज्ञान ने नयी खोज कर ली है। लकीर का फकीर बने रहना ठीक नहीं। |
| हाथ मलना | पछताना | यदि तुम पहले ही परिश्रम करते तो तुम्हें इस प्रकार हाथ न मलने पड़ते। |

## लोकोक्ति

| लोकोक्ति | अर्थ |
|---|---|
| अन्धों में काना राजा | पूरी तरह अनपढ़ या अनुभवहीन व्यक्तियों में थोड़ा - सा शिक्षित या अनुभवी व्यक्ति का भी आदर होता है । |
| अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता | दूसरों का सहयोग मिले बिना मनुष्य सफल नहीं हो सकता । |
| अब पछताए होत क्या जब चिड़ियाँ चुग गई खेत | किसी काम या बात पर सही समय बीत जाने के बाद पछताना व्यर्थ है |
| आम के आम गुठलियों के दाम | किसी कार्य में दोहरे लाभ की आशा । |
| ऑखों का अन्धा नाम नैनसुख | अयोग्य और अनुभवहीन व्यक्ति का दिखाये का झूठा बड़प्पन । |
| उलटा चोर कोतवाल को डांटे | दोषी या अपराधी व्यक्ति द्वारा अपनी भूल न मानकर उलटे भूल बताने वाले को डांटना । |
| ऊँची दूकान फीका पकवान | किसी का नाम या प्रचार तो बहुत होना पर वास्तव में उसमें नाम के अनुरूप गुण न होना । |
| एक और एक ग्यारह | एकता में बहुत बल हैं। |
| काला अक्षर भैस बराबर | सर्वथा निरक्षर (अनपढ़ ) होना । |
| जो गरजते है वे बरसते नहीं | बहुत अधिक बातें बनाने वाले कुछ करके नहीं दिखा सकते । |

Kumaun University UG Hindi Syllabus 2014

| | |
|---|---|
| ओस चाटने से प्यासं नहीं बुझती | बहुत अधिक वस्तु की आवश्यकता होने पर तनिक सी मात्रा से सन्तोष नहीं हो सकता । |
| घर का भेदी लंका ढाहे | आपस की फूट से विनाश निश्चित है । |
| थोथा चना बाजे घना | अयोग्य या का योग्य व्यक्ति अहंकार की बातें बहुत करता है । |
| दोनों हाथों में लड्डू होना | हर ओर से लाभ ही लाभ की आशा । |
| नाच न जाने आँगन टेढ़ा | अपनी अयोग्यता या भूल को दूसरे का दोष वताकर छुपाने का प्रयास करना। |
| बन्दर क्या जाने अदरक का स्वाद | जिस व्यक्ति को जिस बात या व्यवसाय का अनुभव नहीं वह उसके महत्व को नहीं समझ सकता। |
| मन चंगा तो कठौती में गंगा | मन में बुराई न हो तो तीर्थ आदि जाने की आवश्यकता नहीं । |
| मुँह में राम बगल में छूरी | चिकनी -चुपड़ी बातें बनाकर दूसरों को धोखा देना । (कथनी और करनी में अंतर होना) |
| साँप मरे न लाठी टूट | विना किसी कष्ट या हानि के कार्य सिद्ध हो जाना । |
| सौ सुनार की एक लुहार की | थोडा थोडा करने की अपेक्षा एक ही बार अधिक काम कर लेना अच्छा हैं। |
| हाथ कंगन को आरसी क्या | जो बात प्रत्यक्ष रूप से ही स्पष्ट हो उसके लिए प्रमाण की आवश्यकता नहीं । |
| सीधी उँगली से घी नहीं निकलता | सदा सज्जनता से काम नहीं चलता। कार्य-सिद्धि के लिए कूटनीति का सहारा लेना पड़ता है। या सदा नम्रता सफल नहीं होती, कठोरता की भी आवश्यकता है। |

Kannur University UG Hindi Syllabus 2014

## वाणिज्य सम्बन्धी परिभाषिक शब्द

| No. | English Terminology | हिन्दी रूपान्तर |
|---|---|---|
| 1 | Abbreviation | संक्षेपण |
| 2 | Acceptance | स्वीकृति |
| 3 | Account (A/c) | लेखा, हिसाव |
| 4 | Account | लेखाकार |
| 5 | Acknowledge | पावती देना, रसीद देना |
| 6 | Advance | अग्रिम, पेशगी |
| 7 | Affiliated | सम्वद्ध |
| 8 | Allowance | भता |
| 9 | Application | प्रार्थनापत्र, आवेदन-पत्र |
| 10 | Arrangement | प्रबन्ध |
| 11 | Amount | रकम |
| 12 | Arrears | बाकाया |
| 13 | Asset | सम्पत्ति |
| 14 | Auction | नीलाम |
| 15 | Auditor | लेखा - परीक्षक |
| 16 | Average | औसत |
| 17 | Balance | बाकी , शेष, बकाया |
| 18 | Benefit | लाभ |
| 19 | Bonus | लाभांश |
| 20 | Branch | शाखा |
| 21 | Broker | दलाल |

| | | |
|---|---|---|
| 22 | Clerk | लिपिक, मुन्शी |
| 23 | Commission | आढ़त, दलाली, कमीशन |
| 24 | Community Projects | सामुदायिक योजनाएँ |
| 25 | Communication | संचार |
| 26 | Compensation | क्षतिपूर्ति, हानिपूर्ति |
| 27 | Consignment | संप्रेषण, प्रेषित माल |
| 28 | Control | नियन्त्रण |
| 29 | Cooperative | सहकारी |
| 30 | Circular letter | परिपत्र, गश्ती पत्र |
| 31 | Classification | वर्गीकरण |
| 32 | Commerce | वाणिज्य |
| 33 | Corporation | निगम |
| 34 | Credit | उधार |
| 35 | Currency | मुद्रा |
| 36 | Currency, inflation | मुद्रास्फीति |
| 37 | Customer | ग्राहक |
| 38 | Daily | दैनिक |
| 39 | Date | दिनांक |
| 40 | Dealer | विक्रेता |
| 41 | Retail dealer | फुटकर विक्रेता |
| 42 | Wholesale dealer | थोक विक्रेता |
| 43 | Department | विभाग |
| 44 | Deposit | जमा की हुई रकम |
| 45 | Deduction | कटौती |
| 46 | Delivery | सुपुर्दगी |
| 47 | Demand | मांग |
| 48 | Director | संचालक |
| 49 | Discount | बट्टा |
| 50 | Distribution | वितरण |
| 51 | Dividend | लाभांश |
| 52 | Document | प्रलेख, दस्तावेज़ |
| 53 | Draft | प्रारूप, मसौदा, आलेख |
| 54 | Economic | आर्थिक |
| 55 | Endorsement | पृष्ठांकन |
| 56 | Establishment | स्थापना |
| 57 | Estimate | अनुमान |
| 58 | Examiner | परीक्षक |
| 59 | Excess | अधिकता |
| 60 | Exception | अपवाद |
| 61 | Exercise | अभ्यास |
| 62 | Exchange | विनिमय |
| 63 | Expansion | विस्तार |
| 64 | Expenditure | व्यय |
| 65 | Export | निर्यात |
| 66 | Extra | अतिरिक्त |
| 67 | Fee | शुल्क |
| 68 | File | मिसिल, नस्ती |
| 69 | Fixed | स्थायी |
| 70 | Graduate | स्नातक |

Kannur University UG Hindi Syllabus 2014

| | | |
|---|---|---|
| 71 | Grant | अनुदान |
| 72 | Godown | भण्डार |
| 73 | Identification | अभिज्ञान, पहचान |
| 74 | Illegal | अवैध, गैरकानूनी |
| 75 | Import | आयात |
| 76 | Income | आय |
| 77 | Income Tax | आयकर |
| 78 | Increment | वृद्धि, वेतन-वृद्धि |
| 79 | Industry | उद्योग |
| 80 | Inspector | निरीक्षक |
| 81 | Insurance | बीमा |
| 82 | Investigation | अनुसंधान,खोज |
| 83 | Joint family | संयुक्त परिवार |
| 84 | Journalism | पत्रकारिता |
| 85 | Labourer | श्रमिक |
| 86 | Lease | पटटा |
| 87 | Legal action | कनूनी कार्यवाही |
| 88 | Liaison officer | सर्म्पक आधिकारी |
| 89 | List | सूची |
| 90 | Price list | मूल्य-सूची |
| 91 | Loan | कर्ज,ऋण |
| 92 | Manager | प्रबन्धक, व्यवस्थापक |
| 93 | Managing partner | प्रबन्धक साझेदार |
| 94 | Manuscript | पाण्डुलिपि |
| 95 | Ministry of Commerce and Trade | वाणिज्य एवं व्यापार मन्त्रालय |
| 96 | Mutual | परस्पर |
| 97 | Nomination | नामांकन |
| 98 | Nominee | मनोनीत व्यक्ति, नामित |
| 99 | Notification | अधिसूचना |
| 100 | Organisation | स्वामित्व |
| 101 | Ownership | संगठन |
| 102 | Parliament | लोकसभा |
| 103 | Percentage | प्रतिशत |
| 104 | Profitable | लाभदायक |
| 105 | Proportion | अनुपात |
| 106 | Qualification | योग्यता |
| 107 | Rate | दर |
| 108 | Receipt | रसीद, प्राप्ति |
| 109 | Record | अभिलेख |
| 110 | Reference | संदर्भ, निर्देश |
| 111 | Registration | पंजीकरण |
| 112 | Remuneration | पारिश्रमिक |
| 113 | Resignation | त्याग-पत्र |
| 114 | Revenue | राजस्व |
| 115 | Royalty | अधिकार -शुल्क |
| 116 | Sale | बिक्री |
| 117 | Sample | नमूना |
| 118 | Secretary | सचिव, मन्त्री |
| 119 | Secretariat | सचिवालय |

Kannur University UG Hindi Syllabus 2014

| | | |
|---|---|---|
| 120 | State Government | राज्य सरकार |
| 121 | Strike | हड़ताल |
| 122 | Tabulation | सारणीकरण |
| 123 | Trade union | मज़दूर संघ |
| 124 | Tax free | करमुक्त |
| 125 | Temporary | अस्थायी |
| 126 | Tender | निविदा |
| 127 | Textile industry | वस्त्र -उद्योग |
| 128 | Traffic | यातायात |
| 129 | Transaction | व्यवहार, लेन-देन |
| 130 | Transport | परिवहन |
| 131 | Treasury | राजकोष, कोषागार |
| 132 | Union Public Service Commission | संघीय लोखसेवा आयोग |
| 133 | University | विश्वविद्यालय |
| 134 | Vacancy | खाली जगह |
| 135 | Value payable parcel | मूल्यदेय पार्सल |
| 136 | Voyage | जलयात्रा |
| 137 | Wage | मजदूरी |
| 138 | Wholesale dealer | थोक व्यापारी |
| 139 | Zero | शून्य |
| 140 | zodiac | राशि चक्र, लग्न |

निर्धारित पाठ्य पुस्तक : **व्यावहरिक हिन्दी** - डॉ महेन्द्र मित्तल शबरी संस्थान , दिल्ली -110051

संदर्भग्रन्थ : 1. **सुबोध हिन्दी व्याकरण तथा रचना**, श्रीकृष्ण पांडे, लोकमंगल प्रकाशन,B-32 कैलास कालोनी, ईस्ट ज्योति नगर के पीछे, शाहदरा, दिल्ली110093.

Kannur University UG Hindi Syllabus 2014

## PATTERN OF QUESTION PAPER

B.COM / B.B.M / B.B.A. DEGREE PROGARAMME

II SEMESTER – COMMON COURSE (HINDI)

ºÉÆ | Éä¹ÉhÉÒªÉ Ê½þxnùÒ(Sampreshaneey Hindi)

COURSE CODE: 2A08–1 HIN

Time: 3 Hours | Maximum: 40 Marks

I. One long essay (not less than 300 words) out out of two from Module 2 1 x 7 = 7 Marks

II. One an interview/story (not less than 300 words) out of two from Module 31 x 7 = 7 Marks

III. Answer any three out of four mentioned as sub question 3 x 3 = 9 Marks

IV. Answer any three questions out of four form Translattion of Technical Terms 3 x 3 = 9 Marks

V. Answer any eight questions from grammar 8 x 1 = 8 Marks

Kannur University UG Hindi Syllabus 2014

MODEL QUESTION PAPER

**B.COM / B.B.M / B.B.A. DEGREE PROGARAMME**

II SEMESTER – COMMON COURSE (HINDI)

ºÉÆ | Éä¹ÉhÉÒªÉ Ê½þxnùÒ(Sampreshaneey Hindi)

**COURSE CODE: 2A08–1 HIN**

Time: 3 Hours　　　　　　　　　　　　　　　　Maximum: 40 Marks

I. कम से कम 300 शब्दों में किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए।

1. केरल में हिन्दी भाषा का कैसा भविष्य है? आपका मत स्पष्ट कीजिए।।
2. भौगोलीकरण से क्या तात्पर्य है? उसके गुण-दोषों की विवेचना कीजिए।

1 x 7 = 7 Marks

II. कम से कम 300 शब्दों में किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए।

3. ज्ञानपीठ पुरस्कार विजेता साहित्यकार से एक भेंटवार्ता तैयार कीजिए।
4. संकेत विंदूओं की सहायता से एक कहानी लिखिए :

   एक कौआ - गर्मी का दिन - प्यास से विवश - उडकर एक घर के आँगन - उधर एक घडा - घडे में बहुत कम पानी - कंकड डाल दिया - पानी पीकर खुशी से उड गया ।

1 x 7 = 7 Marks

III. किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए :

5. **हिन्दी में** अनुवाद कीजिए **:**

   My mother tongue is Malayalam. I offered Hindi in my B.com degree course. Hindi is an official language of the Govt. of India. I passed an examination in Commercial Correspondence. The medium of my answering questions in Hindi. I have a good working knowledge of Hindi. I have good business terms with their firm for the last seven years. I have deposited the earnest money in the State Bank of India. I had sent my tender form in sealed cover by registered post. My tender is rejected by the officer without any reason.

6. **अंग्रेज़ी** या **मलयालम में** अनुवाद कीजिए**:**

Kannur University UG Hindi Syllabus 2014

एक सुव्यस्थित व्यापार सामान्यतः ऐसे व्यक्ति या व्यक्तियों की प्रतिच्छाया है, जिनमें नेतृत्व या निर्देशन की योग्यता या तो जन्मजात है या उन्होंने प्राप्त कर ली है। इसिलिए सफलता चाहनेवाले व्यवसायी केलिए यह आवश्यक है कि वह पूर्णतः संतुलित और प्रतिभावान हो। उसे दुसरों के साथ स्थिरता, दृढता और स्पष्टता का व्यवहार करने के लिए स्थिर बुद्धि होना चाहिए। एक व्यवसायी का प्रमुख और मुख्य गुण यह है कि वह यह जानता हो कि वह किस विषय में बोल रहा है और उसका क्या आशय है। सही विचार पर ही सही कार्य का होना निर्भर है। एक अच्छे व्यापारी को इतना योग्य होना चाहिए कि वह अपनी समस्याओं को उनके सही परिणामों में समझ सके।

7. आपके कॉलज में हुए हिन्दी संगोष्ठी का वर्णन करते हुए अपने मित्र के नाम **एक** पत्र लिखिए।

8. नागपुर के एक व्यापारी ने आपसे 200 बोरी चावल मँगवाये हैं, परंतु आपके पास स्टाक में 150 बोरी चावल हैं शेष 15दिन बाद दे सकेंगे । नागपुर की फर्म से नम्रतापूर्वक सवाल कीजिए कि उक्त माल को भेजा जाए अथवा नहीं ।

3 x 3 = 9 Marks

IV. निर्देश के अनुसार किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

9. निम्नलिखित शब्दों के **अग्रेज़ीमें** अनुवाद कीजिएः

1. अनुपस्थिति, संविधान, विषय सुची, असुविधा।

2. बट्टा , भुगतान , बीजक, सूचना।

3. आयात, नक्शा, निरंतर, बिक्री ।

4.विश्वविद्यालय, संघीय लोकसेवा आयोग, निविदा, सरणीकरण।

5.संक्षेपण, लेखाकार, अग्रिम, सम्वद्ध

6. श्रमिक, नीलाम, बकाया, क्षतिपूर्ति।

10. निम्नलिखित शब्दों के **हिन्दी में** अनुवाद कीजिएः

1. Gold medal, estimate, journalism, Tender

2. Opinion, whole sale, compensation, carelessness

Kannur University UG Hindi Syllabus 2014

3. Reference, Responsibility, Customer, Manager

4. Compensation, Bonus, Auction, Dealer

5. Consignment, Retail dealer, Demand, Economic

6. Exception, Fee, Graduate, Insurance

11. सौन्दर्य बढाने का एक दवा आपने विकसित किया है।उसके लिए **एक** विज्ञापन तैयार कीजिए।

12. संक्षेपण लिखिएः

यह एक सामान्य मान्यता है कि तीसरी दुनिया के देशों में मौसम का पूर्वानुमान न होने के कारण अचानक सूखे, बाढ़ या अन्य प्राकृतिक आपदा से लोगों के भुखा मरना पडता है। लेकिन वास्तविकता यह है कि तीसरी दुनिया में खाद्यान्न-उपादन के लिए मौसम बहुत अच्छा है। मौसम से लडने के लिए तीसरी दुनिया के किसानों ने सदियों के अनुभव से नई तकनीकी विकसित की है । लेकिन नियमित प्राकृतिक आपदाओं के लिए कोई व्यवस्था नहीं है।इसीलिए उनसे सक्षाम लोग उतना प्रभावित नहीं होते जितना कि साधनहीन गरीब आदमी। अतः लोग अपनी साधनहीनता के कारण भूख से मरते हैं ।

3 x 3 = 9 Marks

V. कम से कम चार वाक्यों में किन्हीं आठ प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

13. स्रंज्ञा क्या है? दो उदाहरण लिखिए।

14. स्वर और व्यंजन का परिचय दीजिए।

15. उपसर्ग और प्रत्यय का सोदाहरण परिचय दीजिए।

16. वाच्य क्या है? एक उदाहरण लिखिए।

17. एक मुहावारा अथवा एक लोकोक्ति का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

18. "अंधेरा " शब्द के तीन एकार्थक शब्द लिखिए।

19. 'पात्र' शब्द का अनेकार्थ शब्द लिखिए।

20. मने ऐसा काम नहीं करना चाहिए। ( शुद्ध कीजिए )

Kannur University UG Hindi Syllabus 2014

21. मुझको चार रोटी खा सका। ( शुद्ध कीजिए )

22. मैं यह काम कर पडा। ( शुद्ध कीजिए )

8 x 1 = 8 Marks

Kannur University UG Hindi Syllabus 2014

## EVALUATION & GRADING

**(For details See Kannur University CBCSS UG REGULATIONS 2014)**

1 Mark system is followed instead of direct grading for each question. For each course in the semester letter grade, grade point and % of marks are introduced in 7- point indirect grading system as per guidelines given in Annexure-1I.

2 **Course Evaluation**:

The evaluation scheme for each course shall contain two parts

c) Internal Assessment (IA)
d) External evaluation (End Semester Evaluation ESE) External evaluation carries 80% of marks.

20% weight shall be given to the internal evaluation. The remaining 80% weight shall be for the external evaluation.

3 **Internal Assessment**:

d. 20% of the total marks in each course are for internal assessment. The marks secured for internal assessment only need be sent to university by the colleges concerned.
e. The internal assessment shall be based on a predetermined transparent system involving written test, assignments/ seminars/ Viva and attendance in respect of theory courses and lab involvement and records, tests and attendance in respect of practical courses.
f. Components with percentage of marks of Internal Evaluation of Theory Courses are-

Attendance 25%, Assignment/ Seminar/Viva 25 % and Test paper 50%

(If a fraction appears in total internal marks, nearest whole number is to be taken)

| Components of Continuous Evaluation (Internal) | % of Marks | Maximum Marks |
|---|---|---|
| Attendance | 25% | 2.5 Marks |
| Assignment/Seminar/Viva | 25% | 2.5 Marks |
| Test Papers | 50 % | 5 Marks |
| Total | 100% | 10 Marks/50 |

**Attendance of each course** will be evaluated as below-

| | |
|---|---|
| Above 90% attendance - | 100% marks allotted for attendance |
| 85 to 89% | 80% |
| 80 to 84 % | 60% |
| 76 to 79 % | 40% |
| 75 % | 20% |

Kannur University UG Hindi Syllabus 2014

# BCA/BSW/BSc (LRP ) DEGREE PROGRAMME COMMON COURSES IN HINDI

Kannur University UG Hindi Syllabus 2014

| SEMESTER | COURSE CODE | COURSE & TITLE | WEEKLY HOURS | CREDIT |
|---|---|---|---|---|
| I | 1A07-2HIN | COMN- AADHUNIK SAHITYA | 5 | 4 |
| II | 2A08-2HIN | COMN- VYAVHARIK HINDI | 5 | 4 |

Kannur University UG Hindi Syllabus 2014

BCA / BSW BSc (LRP) DEGREE PROGRAMME

I SEMESTER COMMON COURSE – HINDI

## आधुनिकसाहित्य– (AADHUNIK SAHITYA)

Course Code –1A 07– 2 HIN

No. of Credits- 4 | No. of Contact Hours 90

<u>पाठ्यक्रम - SYLLABUS</u>

मोड्यूल1 - (15घंटे)**कविता भाग**

1. भगवत रावत - सभ्यता और संस्कृति।
2. राजेश जोशी - बच्चे काम पर जा रहे हैं।
3. कात्यायनी - सात भाइयों के बीच चंपा।

मोड्यूल 2- (15घंटे) **कविता भाग**

4. अनामिका - सेफ्टी पिन।
5. निर्मला पतुल - उतनी दूर मत ब्याहना बाबा!

मोड्यूल 3- (30घंटे) **गद्य भाग**

1. प्रेमचंद - मेरा-जीवन।
2. महादेवी वर्मा - नीलकंठ : मोर।

मोड्यूल 4- (30घंटे) **गद्य भाग**

3. निर्मल वर्मा - चीड़ों पर चाँदनी।
4. हरिशंकर परसाई - कर कलम हो गए।
5. अर्चना वर्मा - कुरीति तोड़ो, परिवार नहीं।

**<u>निर्धारित पाठ्य पुस्तकें</u>**

1. समकालीन हिन्दी कविता – डॉ. एन. मोहनन (सं) राजपाल &सन्स, 1590, मदरसा रोड, काश्मीरी गेट, दिल्ली110006
2. गद्य के विविध आयाम – प्रोफ. जयमोहन एम.एस (सं) वाणी प्रकाशन, दरियागंज, नई दिल्ली - 110002

Kannur University UG Hindi Syllabus 2014

PATTERN OF QUESTION PAPER

**BCA / BSW BSc (LRP) DEGREE PROGRAMME**

**I SEMESTER COMMON COURSE – HINDI**

**आधुनिक साहित्य – (**AADHUNIK SAHITYA)

**Course Code –1A 07– 2 HIN**

Time: 3 Hours    Maximum: 40 Marks

I. 1 Long essay out of 2 from Poetry (not less than 300 words) 1 x 7 = 7 Marks

II. 1 Long essay out of 2 from Prose (not less than 300 words) 1 x 7 = 7 Marks

III. 2Short essays out of 4 from Poetry (not less than 125 words) 2 x 3 = 6 Marks

IV. 2Short essays out of 4 from Prose (not less than 125 words) 2 x 3 = 6 Marks

V. 2Annotations out of 4 from Poetry (not less than 125 words) 2 x 3 = 6 Marks

VI. 2Annotations out of 4 from Prose (not less than 125 words) 2 x 3 = 6 Marks

V. 2Paragraph questions out of 4 from Prose (not less than 4 sentences each)2 x 1 = 2 Marks

Kannur University UG Hindi Syllabus 2014

MODEL QUESTION PAPER

**BCA / BSW BSc (LRP) DEGREE PROGRAMME**

**I SEMESTER COMMON COURSE – HINDI**

# आधुनिक साहित्य – (AADHUNIK SAHITYA)

**Course Code –1A 07– 2 HIN**

Time: 3 Hours Maximum: 40 Marks

I. कम से कम 300 शब्दों में किसी **एक** प्रश्न का विस्तृत उत्तर लिखिए।

1. 'उतनी दूर मत व्याहना बाबा' नामक कविता में कवयित्री क्या आशय व्यक्त करना चाहती हैं?
2. 'सेफ्टी पिन' नामक कविता में भारतीय नारी की कौन-सी दशा का वर्णन किया गया है?

1 x 7 = 7 Marks

II. कम से कम 300 शब्दों में किसी **एक** प्रश्न का विस्तृत उत्तर लिखिए।

3. 'नीलकंठ मोर' के आधार पर महादेवी के पक्षि-प्रेम का परिचय दीजिए।
4. 'चीड़ों पर चाँदनी' नामक यात्रा-वर्णन का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

1 x 7 = 7 Marks

III. कम से कम 125 शब्दों में किन्हीं**दो** प्रश्नों का संक्षिप्त उत्तर लिखिए।

5. अनामिका अपनी कविता के द्वारा क्या भाव व्यक्त करना चाहती हैं?
6. 'सभ्यता और संस्कृति' में क्या अन्तर है?
7. 'बच्चे काम पर जा रहे है' कविता का संदेश क्या है?
8. सात भाइयों के बीच चंपा का हाल व्यक्त कीजिए।

2 x 3 = 6 Marks

IV. कम से कम 125 शब्दों में किन्हीं**दो** प्रश्नों का संक्षिप्त उत्तर लिखिए।

9. 'कुरीति तोड़ो परिवार नहीं' नामक निबंध में दहेज की कुप्रथा को रोकने के लिए कौन-सा संदेश दिया गया है?
10. 'कर कलम हो गए' नामक लेख के व्यंग्य पर प्रकाश डालिए।

Kannur University UG Hindi Syllabus 2014

11. ‘चीड़ों पर चाँदनी’ में शिमला का कैसा चित्रण मिलता है?

12. ‘मेरा जीवन’ के आधार पर प्रेमचंद के स्कली जीवन का परिचय दीजिए।

2 x 3 = 6 Marks

V. कम से कम 125 शब्दों में किन्हीं**दो**पद्यांशोंकीसप्रसंग व्याख्या कीजिए।

13. पिद्दड़े हुए लोग पुश्त-पुश्त
संस्कृति के वृक्षों की रखवाली करते हैं
सभ्य लोग संस्कृति के पके हुए फल खाते हैं

14. हमारे समय की सबसे भयानक पंक्ति है यह
भयानक है इसे विवरण की तरह लिखा जाना
लिखा जाना जाहिए इसे सवाल की तरह

15. मंडी में
आलू से कहती थी गोभी –
“इस औरत का नाम क्या है?
खोई कभी इसके साथ नहीं दीखता है!”

16. कोई थारी-लोटा तो नहीं
कि बाद में जब चाहूँगी बदल लूँगी
अच्छा-खराब होने पर

2 x 3 = 6 Marks

VI. कम से कम 125 शब्दों में किन्हीं **दो** अवतरणों की प्रसंग समेत व्याख्या कीजिए।

17. “गुलामी से मुक्त होते ही मैं नौ साल के जीर्ण रोग से मुक्त हो गया।”

18. “दोनों नवागन्तुकों ने पहले से रहनेवालों में वैसा ही कुतूहल जगाया, जैसा नववधु के आगमन पर परिवार में स्वाभाविक है।”

Kannur University UG Hindi Syllabus 2014

19. “सुबह कमरे की खिड़कियों से बाहर झाँकते हृ क्षैंण-भर के लिए दिल की धड़कन रुक जीती थी। मैं पलँग से उतरकर काँपते हाथों से सैंते हुए भाई-बहनों को जकाने लगता था।”

20. “तरकीबें कई हैं। एक तरकीब हर मैंके पर काम नहीं करती। तरकीबें मुझे भी बहुत आती हैं पर मेरे मित्र फिर करते हैं - “अपने हाथ एकाएक कमल कैसे हो गए?”

2 x 3 = 6 Marks

VII. कम से कम वाक्यों में किन्हीं **दो** प्रश्नों के लघु उत्तर लिखिए।

21. दहेज उत्पीड़न कैसे रोक दिया जा सकता है?

22. नीलकंठ मोर का अंत कैसे हुआ था?

23. कर कैसे कमल हो जाता है?

24. प्रेमचंद जी ने क्यों अपनी नौकरी से इस्तीफा दे दिया था?

2 x 1 = 2 Marks

Kannur University UG Hindi Syllabus 2014

**BCA / BSW BSc (LRP) DEGREE PROGRAMME**

**II SEMESTER COMMON COURSE – HINDI**

**व्यावहारिक हिन्दी–VYAVHARIK HINDI**

**Course Code –2A 08– 2 HIN**

No. of Credits- 4 No. of Contact Hours 90

पाठ्यक्रम - SYLLABUS

मोड्यूल 1 - (15घंटे)

निबंध - आकार एवं सिद्धान्त - निबंध के प्रकार - निबंध के प्रमुख तत्व - शीर्षक – प्रस्तावना - विषय-वस्तु - उपसंहार - संदेश - निबंध के प्रमुख भाग - *सामाजिक* - समाचार पत्र, नारी का स्थान, दहेज प्रथा, परिवार नियोजन - *आर्थिक*– कुटीर उद्योग, मूल्य वृद्धि की समस्या, बेरोज़गारी, विज्ञापन के साधन, बीमा कंपनी, - *राजनीतिक* - लोकतंत्र, राष्ट्र भाषा हिन्दी, विद्यार्थी और राजनीति, शिक्षा प्रणाली - *वैज्ञानिक*– अंतरिक्ष युग में भारत, विज्ञान के बढ़ते कदम।

मोड्यूल 2 - (20घंटे)

पत्र लेखन का महत्व – वाणिज्यिक या व्यावसायिक पत्र लेखन - उसकी विशेषताएँ - व्यावसायिक पत्र का स्वरूप - व्यावसायिक पत्र के प्रकार – पूछताछ संबंधी - व्यापारिक प्रस्ताव, माल मँगाने के आदेश संबंधी - संदर्भ पत्र - शिकायती – तकादे या भुगतान संबंधी - बैंक और बीमा संबंधी - आवेदन पत्र – परिपत्र।

मोड्यूल 3 - (20घंटे)

अनुवाद - उसकी आवश्यकता और महत्व - साहित्यिक अनुवाद - समाचार पत्रों के लेख का अनुवाद - वैज्ञानिक लेख तथा सामाजिक शास्त्र से संबंधित लेखों का अनुवाद – किसी परिच्छेद का हिन्दी से अंग्रेज़ी में तथा अंग्रेज़ी से हिन्दी में अनुवाद।

Kannur University UG Hindi Syllabus 2014

मोड्यूल 4 (30घंटे)

व्याकरण - संज्ञा - सर्वनाम - लिंग - वचन – पुरुष - विशेषण – क्रिया – काल – – प्रत्यय – कारक – कर्तृवाच्य– कर्मवाच्य - भाव वाच्य - मुहावरे एवं कहावतें (निम्नलिखित तालिका से ही शब्दों को चुनिए)

| संख्या | मुहावरों | अर्थ |
|---|---|---|
| 1 | अंकुश रखना | नियंत्रण रखना |
| 2 | अंग-अंग खिल उठना | पूरे शरीर से प्रसन्नता व्यक्त होना |
| 3 | अंगारे उगलना | अत्यंत रोष से कठोर बातें कहना |
| 4 | अन्धे की लकडी | एकमात्र सहारा |
| 5 | अंधेर घर का उजाला | एकमात्र पुत्र |
| 6 | अक्ल के पीछे लट्ठ लिए फिरना | समझाने पर भी उल्टा पड़ना |
| 7 | अपना उल्लू सीधा करना | स्वार्थ सिद्ध करना |
| 8 | अपने पाँव पर आप ही कुल्हाडी मानना | स्वयं अपना नुकसान करना |
| 9 | अपने मुँह मियाँ मिट्ठू बनना | अपनी प्रशंसा करना |
| 10 | आँखें बिछाना | प्रेम से स्वागत करना |
| 11 | आँखों में धूल झोंकना | धोखा देना |
| 12 | आग में घी डालना | गुस्सा बढ़ाना |
| 13 | आटे दाल का भाव मालूम होना | कठिनाई का अनुभव करना |
| 14 | ईद का चाँद होना | बहुत दिनों बाद दर्शन होना |
| 15 | उन्नीस बीस होना | थोडा अन्तर होना |
| 16 | उल्टी गंगा बहाना | विपरीत बात करना |
| 17 | कब्र में पैर लटकाए बैठना | मरने के करीब होना |
| 18 | कमर कसना | उद्यत या सन्नद्ध होना |
| 19 | कलाई खुलना | भेद या रहस्य खुलना |
| 20 | कलेजे पर पत्थर रखना | घोर दुख को कठोर हृदय करके सहना |
| 21 | कसाई के खूँटे से बाँधना | क्रूर या दुष्ट व्यक्ति के हवाले करना |
| 22 | कसौटी पर खरा उतरना | परीक्षा में सही सिद्ध होना |
| 23 | काँटे की तरह चुभना | अत्यंत कष्ट होना |
| 24 | काठ का उल्लू | अत्यंत मूर्ख |
| 25 | काया पलट जाना | रूप या स्वरूप ही बदल जाना |
| 26 | किसमत जागना | कष्ट दूर होकर अच्छा दिन आ जना |
| 27 | कुएँ पर से प्यासा लौट आना | लक्ष्य तक जाकर हताश लौटना |
| 28 | कुत्ते की तरह दुम हिलाना | खुशामद में हरदम लगे रहना |
| 29 | कोल्हू का बैल | दिन-रात काम करने वाला |
| 30 | खाने को दौडना | एकदम गुस्सा आ जाना |
| 31 | खिचडी पकाना | छिपकर काम करना |

Kannur University UG Hindi Syllabus 2014

| | | |
|---|---|---|
| 32 | खून बहाना | मार डालना |
| 33 | खोपड़ी गंजी करना | बहुत मानरा |
| 34 | गड़े मुर्दे उखाड़ना | भुलाई हुई बैंत को |
| 35 | गर्दन पर छुरी फेरना | अत्याचार करना |
| 36 | गले डालना | जबरदस्ती किसी वस्तु को देना |
| 37 | गागर में सागर होना | थेड़े में बहुत करके दिखाना |
| 38 | गिरगिट की तरह रंग बदलना | एक बात पर न रहना |
| 39 | गुड़ गोबर करना | बनी बैंत को बिगाड़ देना |
| 40 | घाव पर नमक छिड़कना | दुखी को और अधिक सतना |
| 41 | जलती आग में घी डालना | क्रोध बढ़ाना |
| 42 | जबान में लगान न होना | सदा बक-बक करना |
| 43 | जूते चाटना | खुशामद करना |
| 44 | दाँतों तले उँगली दबाना | आश्चर्य चकित होना |
| 45 | नींद हराम करना | चिंता के कारण चैन न पड़ना |
| 46 | रास्ते पर आना | सुधर जाना |
| 47 | रोंगटे खड़े होना | रोमांच होना |
| 48 | श्रीगणेश करना | शुभारंभ करना |
| 49 | हाथ मलना | पद्वताना |
| 50 | होश उड़ जाना | बहुत डर जाना |

| **संख्या** | **कहावत** | **अर्थ** |
|---|---|---|
| 1 | अंधों में काना राजा | मुर्खों में तनिक ज्ञान वाले पंडित मानना |
| 2 | अकेला चना भाड नही फोड़ सकता | केवल एक व्यक्ति कठिन काम नही कर सकता |
| 3 | अक्ल बड़ी कि भैंस | शारीरिक शक्ति से मानसिक शक्ति प्रबल होती है |
| 4 | आम के आम गुठली के दाम | दुगुना लाभ होना |
| 5 | उलटा चोर कोतवाल को डाँटे | अपना दोष छिपाकर दूसरे को दोषी देना |
| 6 | ऊँट के मुँह में जीरा | बहुत खाने वाले को थोड़ा देना |
| 7 | एक और एक ग्यारह | एकता में बल |
| 8 | एक तो करेला दूसरा नीम चढ़ा | बुरे को बुरे का संग मिलना |
| 9 | कभी नाव गाड़ी पर कभी गाड़ी नाव पर | परिस्थितियों में परिवर्तन होना |
| 10 | कहाँ राजा भोज कहाँ गँगुआ तेली | छोटे का मिलन बड़े से नहीं होता |
| 11 | खरबूजे को देखकर खरबूजा रंग बदलता है | देखा देखी काम करना |
| 12 | खोदा पहाड़ निकली चूहिया | कठिन परिश्रम का तुच्छ वेतन |
| 13 | गुरु गुड़ चेला शक्कर | गुरु से शिष्य के आगे निकल जाना |
| 14 | गोद में लड़का शहर में ढिंढ़ोरा | पास की चीज़ को चारों तरफ ढूँढ़ना |
| 15 | घर की मुर्गी दाल बराबर | घर की वस्तु का आदर न करना |
| 16 | घर का भेदी लंका ढाहे | आपसी फूट से हानि |

Karnataka University UG Hindi Syllabus 2014

| | | |
|---|---|---|
| 17 | चोर की दाड़ी में तिनका | अपराधी स्वयं डरता है |
| 18 | चोर चोर मौसेरे भाई | एक ही पेशे वाले आसानी से आपस मिल जाते है |
| 19 | चौबे गए छब्बे होने दूबे बनकर आए | लाभ के बदले हानि |
| 20 | छोटे मुँह बड़ी बात | अपनी प्रशंसा बढ़-बढ़ कर करना |
| 21 | जब तक साँस तब तक आस | अन्त तक आशा न छोड़ना |
| 22 | जिसकी लाठी उसकी भैंस | बलवान सब कछ कर सकता है |
| 23 | जहाँ न जाए रवि तहाँ जाए कवि | बड़ी पैनी दृष्टि होना |
| 24 | जान है तो जहान है | जीवन सबसे अधिक मूल्यवान है |
| 25 | जिस थाली में खाना उसी में छेद करना | आश्रय देनेवाले को धोखा देना |
| 26 | जैसा राजा वैसी प्रजा | बड़ों के आचरण का प्रभाव छोटों पर पड़ना |
| 27 | डूबते को तिनके का सहारा | संकट में थोडी सहायता भी बहुत होती है |
| 28 | तीन लोक से मथुरा न्यारी | विचित्र तरीका |
| 29 | दीवार के भी कान होते हैं | गुप्त बात कभी नहीं छिप जाता |
| 30 | धोबी का कत्ता न घर का न घाट का | निकम्मा बेठिकाना आदमी |
| 31 | न रहे बाँस न बजे बाँसुरी | निर्मूल करना |
| 32 | नाच न आवे आँगन टेढ़ा | अपना दोष दूसरों के सिर पर मढ़ना |
| 33 | बग़ल में छुरी मुँह में राम-राम | ऊपर-ऊपर से मित्रता |
| 34 | बहती गंगा में हाथ धोना | समय से लाभ उठाना |
| 35 | भागते चोर की लँगोटी भली | जो कुछ मिल जाय वहीं अच्छा |
| 36 | मियाँ की दौड़ मस्जिद तक | सीमित क्षेत्र तक प्रवेश |
| 37 | मन चंगा तो कठौती में गंगा | मन शुद्ध है तो सब ठीक है |
| 38 | मुँह में राम बगल में छरी | कपटी आदमी |
| 39 | शौकीन बुढ़िया चटाई का लँहगा | बुरी तरह का शौक |
| 40 | हाथी के दाँत दिखाने के और खाने के और | कहना कुछ और करना कुछ |

निर्धारित पाठ्य पुस्तकें–

1. **व्यावहारिक हिन्दी**- रामकिशोर शर्मा, लोकभारती, 15-ए महात्मा गाँधी मार्ग, इलाहाबाद —1
2. **सुबोध हिन्दी व्याकरण तथा रचना** - श्रीकृष्ण पांडे, लोकमंगल प्रकाशन,B-32 कैलास कालोनी ईस्ट ज्योति नगर के पीछे, शाहदरा, दिल्ली110093.

Kanpur University UG Hindi Syllabus 2014

## PATTERN OF QUESTION PAPER

**BCA / BSW BSc (LRP) DEGREE PROGRAMME**

**II SEMESTER COMMON COURSE – HINDI**

**व्यावहारिक हिन्दी–VYAVHARIK HINDI**

**Course Code –2A 08– 2 HIN**

Time: 3 hours — Maximum: 40 Marks

| | | |
|---|---|---|
| I. | 1 Long essay out of 2 from Geneal Essay (not less than 300 words) | 1 x 7 = 7 Marks |
| II. | 2Letters out of 3 from module 2 | 2 x 6 = 12 Marks |
| III. | 1Translation Passage out of 2 from English to Hindi | 1 x 5 = 5 Marks |
| IV. | 1Translation Passage out of 2 from Hindi to English | 1 x 5 = 5 Marks |
| V. | 4questions from proverbs and phrases from module 4 | 4 x 1 = 4 Marks |
| VI. | 7grammar oriented questions from module 4 | 7 x 1 = 7 Marks |

Kannur University UG Hindi Syllabus 2014

MODEL QUESTION PAPER

**BCA / BSW BSc (LRP) DEGREE PROGRAMME**

**II SEMESTER COMMON COURSE – HINDI**

**व्यावहारिक हिन्दी–VYAVHARIK HINDI**

**Course Code –2A 08– 2 HIN**

Time: 3 hours Maximum: 40 Marks

Kannur University UG Hindi Syllabus 2014

I. कम से कम 300 शब्दों में किसी **एक** विषय पर निबंध लिखिए।

1. भारत में बेरोज़गारी की समस्या के कारण और उसके हल पर विचार कीजिए।
2. आतंकवाद से क्या तात्पर्या है ? उसके अंतरूनी वजहों की चर्चा कीजिए ।

1 x 7 = 7 Marks

II. किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

3. इलाहाबाद विश्वविद्यालय में अंग्रेज़ी के असिस्टन्ड प्रोफसर का पद खाली है। उक्त पद के लिए आवेदन पत्र तैयार कीजिए।
4. आपके घर में चोरी होने की बात सूचित करते हुए क्षेत्रीय पुलीस निरीक्षक के नाम एक शिकायती पत्र लिखिए।
5. अपने किसी विदेशी मित्र को भारत आने का निमंत्रत देते हुए एक पत्र लिखिए।

2 x 6 = 12 Marks

III. किसी **एक** गद्यांश काहिन्दी में अनुवाद कीजिए।

6. A King once conquered a city. The King sent a message into the town saying, 'before my soldiers enter the city, the women can go out, and each can carry with her, her most valuable property. Next mornign the women could be seen coming out of the town, each carrying her husband upon her back, her most valuable property. The King was very pleased to see this. He praised the women for their love of their husbands and allowed them to stary in the city.

(conquer = विजय प्राप्त करना, message = संदेश, property = संपत्ति, praise = प्रशंसा करनाstay = ठहरना)

7. Sidhartha wandered about in the Himalayas for some time, meeting holy sages. Some times he rested in mango groves and pondered over what they had said. But he found no peace in their teaching. Thinking that he did not know the truth because he was inpure in mind and body, sidhartha fasted for many days. His fame as a sadhu spread like wild fire. But the raalized that the fasing and sacrifices did not bring him any nearer his goal. So he wandered about again arguing with priests and sadhu about life and death and immortality and God.

1 x 5 = 5 Marks

IV. किसी **एक** गद्यांश काअंग्रेज़ी में अनुवाद कीजिए।

8. हिन्दी साहित्य के उपन्यास साम्राट मुंशी प्रेमचंद का जन्म काशी के पास लमही गाँव में हुआ था। उनका असली नाम धनपतराय था। पढ़ाई के बाद वे शिक्षा विभाग में निरीक्षक बने। फिर उन्होंने गाँधीजी से प्रभावित होकर नौकरी छोड़ दी। पहले व उर्दू में लिखते थे। उनके उपन्यासों और कहानियों में ग्रामीण जीवन का सच्चा चित्र मिलता है। ज़मीन्दारों और महाजनों के शोषण से पीड़ीत ग्रामीण ङ्किसानों की अवस्था उनकी रचनाओं का विषय है। दर्जनों उपन्यासों के अलावा उन्होंने तीन सौ से अधिक कहानियां भी लिखी हैं।

9. हम लोगों को प्रायः यह कहते सुनते हैं कि अधिकाँश मनुष्यों में अभी तक सत्य और अहिंसा पर अडिग रहने की क्षमता पूरी तरह विकसित नहीं हो पाई है। यह बिलकुल सच है। किसी ने कहा है कि हमारे समय के लोगों में शक्तियाँ तो देवताओं जैसी है, परंतु उनके दिमाग स्कली बच्चों के समान है। इससे पता चल जाता है कि कैसे विकसित लोग सामने लाए जाएँगे? एक रूसी किसान ने इसी बात को अधिक अच्छी तरह स्पष्ट किया जब उसने मैक्सीम गोर्की को बताया –"आप हवा में पंछियों

Kannur University UG Hindi Syllabus 2014

की तरह उड़ सकते हैं, समुद्र में मच्छलियों की तरह तैर सकते है, लेकिन आप मनुष्य की धरती पर चलना नहीं जानते"।

1 x 5 = 5 Marks

V. निम्नलिखित प्रश्नों के निर्देशानुसार उत्तर लिखिए।

10. निम्नलिखित मुहावरों का सही अर्थ लिखिए।

क) अंगारे उगलना।
ख) आँखें बिछाना।
ग) ईद का चाँद होना।
घ) कमर कसना।

क) कुएँ पर से प्यासा लौट आना।
ख) कोल्हू का बैल।
ग) गागर में सागर होना।
घ) जूते चाटना।

11. निम्नलिखित कहावतों का सही अर्थ लिखिए।

क) अंधों में काना राजा।
ख) अक्ल बड़ी कि भैंस।
ग) कहाँ राजा भोज कहाँ गँगुआ तेली।
घ) गोद में लड़का शहर में ढिंढ़ोरा।

क) चोर की दाड़ी में तिनका।
ख) डूबते को तिनके का सहारा।
ग) शैंकीन बुढ़िया चटाई का लँहगा।
घ) बहती गंगा में हाथ धोना।

2 x 2 = 4 Marks

VI. निर्देश के आधार पर सही उत्तर लिखिए।

12. निम्नलिखित वाक्य पढ़कर उसमें से **संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण** और **क्रिया** शब्दों को चुनकर लिखिए।

*कार्तिकोय ने अपने युद्ध-वाहन के लिए मयूर को क्यों चुना होगा, यह उस पक्षी का रूप और स्वभाव देखकर समझ में आता है। मयूर कलाप्रिय वीर पक्षी है, हिंसक*

Kannur University UG Hindi Syllabus 2014

*मात्र नहीं। इसी से उसे बाज, चील आदि की श्रेणी में नहीं खा जा सकता, जिनका जीवन ही क्रूर कर्म है।*

13. खाली जगहों को प्रत्ययों से भरिए।

*सुमित्रानंदन पंत ………….. जन्म उत्तर प्रदेश ………. अलमोडा नामक स्थान ……… हुआ था। पंत जी प्रकृति और सौन्दर्य …….. कवि हैं।*

14. **सहायक क्रियाओं को बदले बिना** निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए।

क) हम देश सेवा करने चाहिए।

ख) मैं ने ताज महल देख चुका।

ग) प्रणव ने काम करनी लगा।

घ) उसको पढ़ सकता है।

15. वाच्य बदलिए।

क) मैंने खाना खाया।

ख) सीता दूध पीती है।

ग) राम रावण का वध करेगा।

घ) मुझसे बैठा नही जाता।

16. विशेषण के कितने भेद है? सोदाहरण समझाइए।

17. पुरुष से क्या तात्पर्य है? उसके कितने भेद है। उदाहरण सहित लिखिए।

18. भूत काल के भेद क्या-क्या हैं?

7x 1 = 7 Marks

Kannur University UG Hindi Syllabus 2014